दिनांक 26.04.2021
प्रेस विज्ञप्ति 26/21

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद बस्ती/थाना छावनी

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 26.04.2021 को थाना छावनी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पटकापुर हाईवे अंडरपास से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त रामबहादुर को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना छावनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 105/2021 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना छावनी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–रामबहादुर निवासी मोहल्ला राजघाट थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या।

जनपद रायबरेली/थाना सलोन

- **पुलिस कार्यवाही में 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार**
- **सोने चाँदी के आभूषण, 53 हजार रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित, 01 खोखा कारतूस**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल, 04 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 26.04.2021 को थाना सलोन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पीएचसी के पीछे नहर पटरी के पास से पुलिस कार्यवाही में 03 शातिर अभियुक्तों

1–राकेश, 2–रज्जन, 3–गोविन्द को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से सोने चाँदी के आभूषण (सोने की 05 अंगूठी, 02 चैन, 01 जोड़ी झुमका व चाँदी के 10 जोड़ी पायल, 10 जोड़ी बिछिया, 01 जोड़ी पाजेब), 53 हजार रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित, 01 खोखा कारतूस, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 04 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है। अभियुक्त राकेश के विरूद्ध जनपद रायबरेली, प्रतापगढ़ के विभिन्न थानो पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, चोरी आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त रज्जन के विरूद्ध जनपद रायबरेली, प्रतापगढ़ के विभिन्न थानो पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग एवं अभियुक्त गोविन्द के विरूद्ध जनपद प्रतापगढ़, जौनपुर के विभिन्न थानो पर हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधडी, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सलोन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–राकेश निवासी नोहर का पुरवा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़।

2–रज्जन निवासी शेखपुर लवाना मजरे भवानीगंज थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़।

3–गोविन्द निवासी रामपुर गोदौली मजरे मलिकपुर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी

1–सोने चाँदी के आभूषण (सोने की 05 अंगूठी, 02 चैन, 01 जोड़ी झुमका व चाँदी के 10 जोड़ी पायल, 10 जोड़ी बिछिया, 01 जोड़ी पाजेब)।

2–53 हजार रूपये नगद।

3–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर, 04 जीवित, 01 खोखा कारतूस विभिन्न बोर ।

4–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

5–04 मोबाइल फोन आदि।

<u>जनपद खीरी/थाना ईसानगर</u>

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **12 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 25.04.2021 को थाना ईसानगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम टापरपुरवा स्थित जंगल से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त हरनाम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 12 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानो पर हत्या, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना ईसानगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

1–हरनाम निवासी टापरपुरवा थाना ईसानगर जनपद खीरी।

<u>बरामदगी</u>

1–12 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

जनपद अलीगढ़/थाना खैर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट का 01 चार पहिया वाहन, 1050 रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर 02 जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 25.04.2021 को थाना खैर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अमर गढ़ी पुलिया के पास से चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—अमित, 2—राजा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट का 01 चार पहिया वाहन, लूट के 1050 रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा 315 बोर 02 जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है, जिनके विरूद्ध जनपद अलीगढ़ के विभिन्न थानो में लूट, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना खैर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—अमित निवासी खेडा थाना अवागढ़ जनपद एटा।

2—राजा निवासी खेडा थाना अवागढ़ जनपद एटा।

बरामदगी

1—लूट का 01 चार पहिया वाहन।

2—लूट के 1050 रूपये नगद।

3—02 अवैध तमंचा 315 बोर 02 जीवित कारतूस आदि।

जनपद मथुरा/थाना बरसाना

- **शातिर अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 25.04.2021 को थाना बरसाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम अजनौख रोड बरसाना से अभियुक्त बलराम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मथुरा के थाना बरसाना पर लूट, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट के कई अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना बरसाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0—125/2021 धारा 2/3 यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट में वॉछित चल रहा था।

इस सम्बन्ध में थाना बरसाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त —:

1—बलराम निवासी बहरावली थाना छाता जनपद मथुरा।

———